# श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय समिति

ग्राम शिवपुर–टिमरूआ, पोस्ट–हरदोई, विकास खण्ड–सैफई, जिला–इटावा (उ0प्र0)

## संस्था की वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन रिपोर्ट वर्ष 2019–2020

आज दिनांक 01.04.2020 को स्वयं सेवी संस्था श्री मती कौशिल्या देवी पू0मा0 विद्यालय समिति शिवपुर टिमरुआ पो0 हरदोई जनपद इटावा (उ0प्र0) की एक महत्वपूर्ण बैठक संस्थाध्यक्षा श्रीमती किरन यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कुल 09 सदस्यों में से 8 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का कोरम पूरा रहा इस बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्षा महोदया की अनुमति से वर्ष 2019–2020 की वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन रिपोर्ट का पूर्ण विवरण संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय समिति–इटावा के प्रबन्धक/मंत्री श्री रामनरेश आचार्य जी ने प्रस्तुत किया जो निम्न है।

### 1.स्कूल चलो अभियान :–

समिति द्वारा शासन की मंशानुरुप शिक्षा हेतु जागरुकता अभियान के अन्तर्गत 6 से 14 वर्ष के उन बच्चों के अभिभावकों को जागरुक किया गया जिनके बच्चे किसी कारणवश स्कूल जाना बन्द हो गये थे। इस प्रकार संस्था द्वारा संचालित विद्यालयों श्रीमती कौशिल्या देवी वौद्ध विद्या मंदिर टिमरुआ, श्रीमती कौशिल्या देवी जू0 हाई स्कूल टिमरुआ एवं श्रीमती कौशिल्या देवी बालिका इण्टर कालेज टिमरुआ सैफई जिला इटावा के स्टाफ एवं विद्यालयों में पढने वाले छात्र/छात्राओं के सहयोग से स्कूल चलो अभियान को सफल बनाया गया।

### 2.विश्व स्वास्थ्य दिवस पर गोष्ठी का आयोजन :–

आज दिनांक 7 अप्रेल 2019 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं समिति द्वारा संचालित 30 विस्तरीय नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र इटावा के हाल में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में केन्द्र में भर्ती नशा मुक्ति होने आये रोगियों एवं समाज के बुद्विजीवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। गोष्ठी की अध्यक्षता संस्था के उप प्रबन्धक डा0 मेघनाथ ने की। मुख्य अतिथि के रुप में डा0 पी0के0 शुक्ला जी रहे। डा0 पी0 के0 शुक्ला जी ने सम्बोधित करते हुए कि आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सभी लोग शपथ लें कि हमें अपने आप को स्वस्थ रखने के लिये जीवन में कभी भी नशे को हाथ नही लगायेंगे क्योंकि नशे से हमारा सामाजिक आर्थिक शारीरिक एवं मानसिक नुकसान होता है।

### 3.पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन :–

संस्था द्वारा संचालित विद्यालयों मे पृथ्वी दिवस के अवसर पर चित्रकला वाद विवाद भाषण प्रतियोगिता आदि गतिविधियों के द्वारा छात्र/छात्राओं को समझाया गया कि हम अपनी पृथ्वी

हैं। सर्वप्रथम तो हमें स्वयं को बचाना है तब हम राष्ट्र रक्षा कर पाने में सक्षम हो सकेंगे । मुख्यवक्ता श्री खादिम अब्बास ने कहा कि हम सवा अरब लोग एक जंजीर की तरह हैं यदि एक व्यक्ति नशा से ग्रस्त होता है तो हमारे राष्ट्र रुपी जंजीर की वही कडी कमजोर हो जाती है। कार्यक्रम के अध्यंक्ष नरेश प्रताप सिंह धनगर ने केन्द्र में भर्ती मरीजों को हाथ उठवाकर नशा न करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन केन्द्र के परियोजना निदेशक श्री दामोदर बाथम ने किया।

## 8. नेपडर के अन्तर्गत जागरुकता हेतु प्रतियोगिता को आयोजन :–

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा ड्रग की मांग घटाने हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना के अर्न्तगत जागरुकता हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन संस्था द्वारा संचालित विद्यालय श्रीमती कौशिल्या देवी बालिका इण्टर कालेज टिमरुआ इटावा में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमान हेम सिंह जी (एस0डी0एम0) सैफई एवं श्रीमान मस्सा सिंह जी (सी0 ओ0) सैफई, इटावा भी उपस्थित रहे उक्त कार्यक्रमों में दौड एवं निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को पुरस्कार व मेड़ल देकर सम्मानित किया गया।

## 9.हिन्दी दिवस का आयोजन :–

संस्था द्वारा संचालित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र इटावा में 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें केन्द्र के परियोजना निदेशक श्री दामोदर बाथम ने कहा कि हिन्दी के विकास के बिना विकसित राष्ट्र की कल्पना नही की जा सकती। स्वतन्त्र भारत में हिन्दी को उसके वास्तविक स्थान पर स्थापित करना है उक्त गोष्ठी में मोहन कुमार दीक्षित , डा0 सुरेश कुशवाह, विनीत सक्सेना, हरिओम, उमेश वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, जितेन्द्र गुप्ता आदि लोग उपस्थिति रहे।

## 10. विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन :–

उ0प्र0राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा प्रायोजित एवं संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विद्यालय द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद औरैया एवं जनपद फर्रुखाबाद में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर परियोजनाओं के स्टाफ द्वारा रैली निकालकर लोगों को एड्स के प्रति जागरुक करने का कार्य किया गया।

## 11.सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन :–

संस्था द्वारा गत बर्षों की भाँति इस बर्ष भी अपने कार्यालयों एवं संचालित विद्यालयों में राष्ट्रीय पर्वों 15 अगस्त, 2 अक्टूबर, 26 जनवरी आदि को बडी धूम धाम से मनाया गया।

का कैसे बचायेंगे क्योंकि दिन प्रतिदिन वृक्षों के कटान से, मोटर वाहन आदि की संख्या बढने से, हमारा पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है।

### 4. बौद्ध शोभा यात्रा में नशा मुक्ति केन्द्र की झांकी का नगर भ्रमण :–

गत बर्षों की भाँति समाज के बौद्ध अनुयायियों द्वारा निकाली जाने वाली बौद्ध शोभा यात्रा में समिति द्वारा संचालित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र इटावा के कर्मचारियों के सहयोग से ट्रेक्टर पर नशा विरोधी झाँकी को विभिन्न चित्रों/पोस्टरों, बैनरों द्वारा सजाया गया था जिसका अवलोकन कर लोगों ने नशे से होने वाली हानियों के विषय में जानकारी प्राप्त की।

### 5. विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर गोष्ठी का आयोजन :–

आज दिनांक 31.05.2019 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति केन्द्र पर ऐक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें श्री सत्य नारायण दुवे जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि तम्बाकू के सेवन से 70 प्रकार के कैंसर एवं 300 प्रकार की अन्य बीमारियाँ होती है। हमें तम्बाकू का सेवन छोड़ने के लिये कृत संकल्प होना चाहिये । हम सिगरेट या बीडी पीते हैं तो उसका धुआँ हमें तो नुकसान पहुँचाता ही है हमारे पर्यावरण को भी प्रदूषित करता है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में पधारे श्री चन्द्र मोहन चौधरी ने कहा कि नशा मानव को पराधीन बनाता हे। जब हम नशे से ग्रसित होते हैं तब हम पराधीन होते है। हमें नशे की मानसिकता को बदलना है यह गुलामी की जंजीर है। केन्द्र के प्रबन्धक श्री राम नरेश आचार्य जी मरीजों को हाथ उठवाकर तम्बाकू का सेवन छोडने का संकल्प दिलाया।

### 6.विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयेजन :–

5 जून विश्व पर्यावरण के अवसर पर संस्था श्री मती कोशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय समिति के कार्यालय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी की अध्यक्षता डा0 मेघनाथ जी ने की मुख्य वक्ता के रुप में श्री राजेश शाक्य रहे। श्री राजेश जी ने अपने सम्बोधन में बताया कि जीवन को सुखी और स्वस्थ तरीके से चलाने के लिये हमें एक स्वस्थ और प्राकृतिक वातावरण की जरुरत होती है। निरन्तर वढती हुई जनसंख्या जंगलों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। मनुष्य अपनी सुरक्षा के साथ रहने के लिये घरों के निर्माण के लिये बडे पैमाने पर जंगलों को काट रहे हैं हालांकि वो जंगलों की कमी के कारण हाने वाली समस्याओं के बारे में नही सोचते है। गोष्ठी के अन्त में संस्था के प्रबन्धक जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### 7.अन्तर्राष्ट्रीय मद्य निषेघ दिवस पर गोष्ठी का आयोजन :–

आज दिनांक 26 जून 2019 को अन्तर्राष्ट्रीय मद्य निषेघ दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति केन्द्र इटावा में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त गोष्ठी में मुख्य अतिथि श्री साधव सिंह यादव (पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि हमारे देश के शत्रु हमारी नौजवान पीढी को नशे से ग्रस्त बनाकर हमारे राष्ट्र को कमजोर बनाने का प्रयास कर रहे

## 12.नशा मुक्ति जागरुकता शिविर का आयोजन :–

संस्था द्वारा गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 02.12.2018 से 01.01.2019 तक इटावा की ऐतिहासिक नुमाइस की विकास प्रदर्शिनी में 30 दिन तक नशा मुक्ति प्रचार प्रसार वास्ते जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का उदघाटन जनपद इटावा के विद्वान जिलाधिकारी श्री जे0बी0 सिंह द्वारा किया गया। साथ में जनपद इटावा के सदर उपजिलाधिकारी श्री सिद्धार्थ जी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक इटावा श्री राजू राणा आदि उपस्थित रहे।

## 13.नशा मुक्ति केन्द्र का सफल संचालन :–

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं श्रीमती कौशिल्या देवी पु0 मा0 विद्यालय समिति इटावा द्वारा संचालित 30 विस्तरीय नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र इटावा का वर्ष 2019–20 में सफल संचालन किया गया। जिसमें विभिन्न जनपदों एवं राज्यों से आये हुए 314 नशे से ग्रस्त रोगियों का उपचार किया गया।

## 14.लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद औरैया का सफल संचालन :–

उ0 प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी पिकअप भवन लखनऊ द्वारा प्रायोजित एवं संस्था श्रीमती कौशिल्या देवीपू0 मा0 विद्यालय समिति टिमरुआ सैफई इटावा द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना औरैया का वर्ष 2019–20 मे सफल संचालन किया गया। जिसमें 300 फीमल सेक्स वर्कर 100 इनजेक्टिंग ड्रग यूजर्स एवं 100 ट्रांस जेन्ड़र समुदाय के लाभार्थियों को लाभ पहुचाया गया।

## 15.लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद फर्रुखाबाद का सफल संचालनः–

उ0 प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी पिकअप भवन लखनऊ द्वारा प्रायोजित एवं संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय समिति टिमरुआ सैफई इटावा द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जिला फर्रुखाबाद का वर्ष 2019–20 मे सफल संचालन किया गया।जिसमें 150 फीमल सेक्स वर्कर 250 इनजेक्टिंग ड्रग यूजर्स एवं 100 एम0एस0एम0 समुदाय के लाभार्थियों को लाभ पहुचाया गया।

## 16.प्राइमरी जूनियर एवं बालिका इण्टर कालेज का सफल संचालनः–

समिति द्वारा संचालित विद्यालय श्रीमती कौशिल्या देवी बौद्ध विद्या मंदिर श्रीमती कौशिल्या देवी जू0 हाई स्कूल एवं श्रीमती कौशिल्या देवी बालिका इण्टर कालेज टिमरुआ इटावा का वर्ष 2019–20 में सफल संचालन किया गया।

Manager
Smt. Kaushilya Devi Poorva Madhyamik
Vidhyalaya Samit, Vill-Shivpur Timarua

## आगामी वर्ष 2020–21 में संस्था द्वारा प्रस्तावित कार्यकम :–

समिति की अध्यक्षा श्रीमती किरन यादव एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर आगामी वर्ष 2020–21 के लिये निम्नलिखित कार्यक्रमों को प्रस्तावित किया गया।

1. भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विद्यालय शिवपुर–टिमरूआ, सैफई इटावा द्वारा 30 विस्तरीय नशा मुक्ति एवं पुर्नवास केन्द्र इटावा के संचालन वास्ते वर्ष 2020–21 में अनूदान वास्ते आवेदन पत्र तैयार कर उ0प्र0 शासन की संस्तुति कराकर भारत सरकार को समय से भिजवाने का प्रयास करेगी।

2. उ0 प्र0 राज्य एड्स नियंत्रंण सोसाइटी लखनऊ द्वारा प्रायोजित एवं संस्था द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद औरैया एवं फर्रुखाबाद के वित्तीय बर्ष 2020--21 के लिये एग्रीमेंट बौण्ड भरने का कार्य करेगी।

3. संस्था भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिये ओ0डी0आई0सी0 एवं सी0 पी0 एल0 आई0 परियोजना जनपद इटावा में संचालन करने वास्ते समस्त आवश्यक प्रपत्र ऑनलाइन करेगी।

4. संस्था गत बर्षों की भाँति इस वर्ष भी नशे के क्षेत्र में एच0आई0वी0 / एड्स की बढती हुई समस्या से बचने एवं सावधानी हेतु प्रचार प्रसार करेगी।

5. संस्था इस वर्ष कोरोना जैसी महामारी के कारण विद्यालय में पढने वाले कमजोर वर्ग के छात्र / छात्राओं की फीस माफ करेगी।

6. संस्था 6 से 14 वर्ष के ड्राप इन आउट बच्चों को चिन्हित का स्कूल में प्रवेश दिलाने का कार्य करेगी।

7. संस्था इस वर्ष पर्यावरण को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्षों को दान करने का कार्य करेगी।

8. संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास योजनाओं को संचालित कर रोजगार प्रदान करने वास्ते सिलाई, बुनाई, कढाई, दरी, फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि का प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के कार्य करेगी।

9. संस्था जनहित में वे सभी कार्य–योजनाओं को कियान्वित करने की कोशिश करेगी जो समाज के लिये जरुरी है।

इस प्रकार वर्ष 2019–20 का प्रगति प्रतिवेदन सर्व सम्मति से उपस्थिति सदस्यों के समक्ष अध्यक्षा महोदया की अनुमति से पारित हुआ।

Manager